Raj Express (Indore), 28th April 2026, Page – 03

गोपनीय सामग्री केंद्रों तक पहुंचाने के लिए विशेष पुलिस एस्कॉर्ट की व्यवस्था

नीट-यूजी 3 मई को, परीक्षार्थियों की फ्रिस्किंग के बाद मिलेगी एंट्री, जिले में कुल 57 परीक्षा केंद्र

परीक्षा केंद्र पर पहुंचने के लिए रहेंगी बसें

इंदौर/ राज न्यूज नेटवर्क

एनटीए ने नीट यूजी-2026 का एडमिट कार्ड सोमवार को जारी कर दिया हैं। 3 मई को होने वाली नीट यूजी के लिए इंदौर जिले में कुल 57 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 23,160 परीक्षार्थी शामिल होंगे। एडमिट कार्ड में दी गई सभी जानकारी जैसे छात्र का नाम, फोटो, एक्जाम सेंटर आदि की जांच जरुर कर लें। यदि किसी तरह की गलती है तो इसके लिए एनटीए से तुरंत संपर्क करें, ताकि उसमें सुधार हो सके।

परीक्षा हॉल में छात्र को एडमिट कार्ड (प्रिंटेड कॉपी), वैध फोटो आईडी और यदि पासपोर्ट साइज फोटो जरुरी है तो ले जाना जरुरी रहेगा। जिले में परीक्षा के सफल व सुचारू आयोजन को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। इन्हीं तैयारियों समीक्षा के लिए वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक एसीएस अनुपम राजन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बताया गया कि गोपनीय सामग्री को सुरक्षित तरीके से बैंक लॉकर से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने के लिए विशेष पुलिस एस्कॉर्ट की व्यवस्था की जाएगी। परीक्षार्थियों की फ्रिस्किंग एनटीए के दिशा-निर्देशों के अनुसार की जाएगी।

परीक्षा केंद्र पर पहुंचने के लिए रहेंगी बसें: इंदौर से इस बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा सहित डीसीपी प्रकाश परिहार, अपर कलेक्टर रोशन राय सहित पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि परीक्षा केन्द्रों पर जनरेटर्स की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन की ओर से परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचने के लिए एआईसीटीएसएल की बसें उपलब्ध करवाई जाएंगी। यह बसें सुबह 9 बजे से बस स्टेंड व रेल्वे स्टेशन पर उपलब्ध रहेंगी। बसों के चार रूट बनाए गए है। बसें सांवेर, आईआईटी सिमरोल, आईआईएम व महू तक जाएंगी। शाम 5 बजे से परीक्षा के बाद बसें वापस आएंगी।

अभिभावकों के लिए टेंट व पानी की व्यवस्था

सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगा। यातायात की सुगमता के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है। सभी परीक्षा केन्द्रों पर मेडिकल स्टॉफ व पांच केन्द्रों पर एक एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई है। दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिये व्हीलचेयर आदि की व्यवस्था रहेगी। परीक्षार्थियों के अभिभावकों के लिए टेंट व पीने के पानी की व्यवस्था केन्द्र के बाहर रहेगी। परीक्षार्थियों से आग्रह किया गया हैं कि वे किसी भी भ्रामक जानकारी और अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। जिला प्रशासन की ओर से परीक्षा केन्द्रों पर ड्यूटी मजिस्टेट तैनात किए गए हैं। उड़नदस्तों की ओर से भी प्रत्येक केन्द्र का भ्रमण कर सतत निगरानी रखी जाएगी।

सुरक्षा, गोपनीयता और व्यवस्थाओं में लापरवाही नहीं हो

कलेक्टर वर्मा ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह एक संवेदनशील परीक्षा है, इसलिए सुरक्षा, गोपनीयता व व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होना चाहिए। उन्होंने पुलिस विभाग को पर्याप्त सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन व भीड़ नियंत्रण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। परीक्षा के दौरान विद्युत आपूर्ति निर्बाध रूप से बनी रहे। किसी भी तरह की परेशानी नहीं आए। बैकअप की व्यवस्था भी सभी केन्द्रों पर सुनिश्चित की जाए। सभी संबंधित अधिकारी मौका-मुआयना कर व्यवस्थाओं और सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित करें। परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ नहीं हो इसका ध्यान रखने के लिए कहा गया। केवल अधिकृत व्यक्तियों को ही प्रवेश दिया जाएगा। कलेक्टर वर्मा ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण व व्यवस्थित रूप से हो सके।